मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है

मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है,
अनजान था जो आज तक मेरा कसूर है,
मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है,

नजरे हमारी आपको ढूंढे कहा कहा,
दिल पे ही अपने मिल गए,
कदमो के निशान आया समज में अब मेरी हम से ना दूर है,
मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है,

माता पिता तुम्ही मेरी बंधू सखा मेरे,
जिस भाव से पुकार लू रहते हो तुम खड़े,
आँखों में तेरे प्यार का ऐसा सरूर है,
मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है,

कण कण में वास है तेरा तेरा ही राज है,
हर एक दिल में सँवारे तेरा ही वास है,
दिखते हो उसको जो तेरी भक्ति में चूर है,
मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है,

थोड़ा सा मुझको सांवरे भगती का जाम दो,
मेरे नाम को भी सांवरे अपना ही नाम दो,
रोमी की नजरो में तेरा ही नूर है,
मेरा तुम्हारा सँवारे रिश्ता जरूर है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5559/title/mera-tumhara-sanware-rishta-jarur-hai-anjaan-tha-jo-aaj-tak-mera-kasur-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |